# समाचार वाणी
खबर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026


## क्या 1800 के पार जाएगा रिलायंस का शेयर? नुवामा को है भरोसा, निवेशकों को मिल सकता है जबरदस्त रिटर्न।


Publisher

Published on 01 Jul 2025




# नुवामा ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर पर टारगेट प्राइस 1801 रुपये तय किया, सोलर एनर्जी और ग्रीन प्रोजेक्ट्स बने उम्मीद की वजह।

**RIL: मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL)** को लेकर ब्रोकरेज हाउस **नुवामा इंस्टीट्यूशनल** इक्विटीज ने बड़ी भविष्यवाणी की है। **नुवामा ने RIL** के शेयर का **टारगेट प्राइस बढ़ाकर 1801 रुपये प्रति शेयर** कर दिया है और इसके लिए '**Buy**' की रेटिंग भी दी है। इस खबर के बाद सोमवार को **दोपहर 12:50 बजे RIL का शेयर 1.9%** की तेजी के साथ **₹1,529** तक पहुंच गया।

### क्लीन एनर्जी से मिलेगा बड़ा मुनाफा

रिलायंस ने हाल ही में **1 GW की HJT (Heterojunction) सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग** की शुरुआत की है और 2026 तक इसे बढ़ाकर **10 GW** करने का लक्ष्य रखा है। यह **सोलर मॉड्यूल** पारंपरिक पैनलों के मुकाबले अधिक **एफिशिएंट (23.1%)** हैं और **क्लीन एनर्जी मिशन** को मजबूती देंगे।

नुवामा का मानना है कि रिलायंस का यह कदम उसे **ग्रीन एनर्जी सेगमेंट** में गेम चेंजर बना सकता है, और इससे कंपनी की नेट प्रॉफिट में **50%** तक की वृद्धि हो सकती है।

### O2C बिजनेस और AGM पर नजर

रिलायंस के **O2C (Oil to Chemicals)** सेगमेंट से फिलहाल कंपनी की **EBITDA** का दो-पांचवां हिस्सा और **PAT** का

आधे से ज्यादा हिस्सा आता है। नुवामा को उम्मीद है कि **क्लीन एनर्जी** की दिशा में बढ़ते कदमों से इस सेगमेंट को भी री-रेटिंग मिल सकती है।

इसके साथ ही, अगस्त-सितंबर 2025 में होने वाली **RIL** की **AGM (Annual General Meeting)** में कंपनी कुछ बड़े ऐलान कर सकती है। इस मीटिंग पर निवेशकों की नजरें टिकी रहेंगी।

रिलायंस की आने वाली योजनाएं
१. **30 GWh बैटरी निर्माण**
२. **ग्रीन हाइड्रोजन और इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण**
३. **55 CBG (Compressed Bio Gas) प्लांट्स की स्थापना**
४. **एकीकृत सोलर मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी**
५. नु**वामा का कहना है कि यदि RIL के सोलर मॉड्यूल्स की प्रॉफिटेबिलिटी उम्मीद से ज्यादा रही, तो इसके शेयरों मे ं जबरदस्त उछाल देखने को मिलेगा**।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.